दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, गुरुवार 16 जुलाई 2020 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 287

## महत्वपूर्ण एवं खास

### विश्व में कोरोना से 1.35 करोड़ संक्रमित, 5.83 लाख की मौत

**जिनेवा।** वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड-19) का कहर तेजी से बढ़ता जा रहा है और दुनियाभर में इससे संक्रमित होने वाले लोगों की संख्या 1.35 करोड़ के पार पहुंच गयी है जबकि 5.83 लाख से अधिक लोगों की इसके कारण मौत हुई है। कोविड-19 के संक्रमितों के मामले में अमेरिका दुनिया भर में पहले, ब्राजील दूसरे और भारत तीसरे स्थान पर बरकरार है। वहीं इस महामारी से हुई मौतों के आंकड़ों के मामले में अमेरिका पहले, ब्राजील दूसरे और ब्रिटेन तीसरे स्थान पर है जबकि भारत मृतकों की संख्या के मामले में आठवें स्थान पर है। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र (सीएसएसई) की ओर से जारी किये गये आंकड़ों के अनुसार विश्व भर में कोरोना संक्रमितों की संख्या 1,35,12,693 हो गयी है जबकि अब तक इस महामारी के कारण 5,83,359 लोगों ने जान गंवाई है। विश्व महाशक्ति माने जाने वाले अमेरिका में कोरोना से अब तक 34,95,536 लोग संक्रमित हो चुके हैं तथा 1,37,358 लोगों की मौत हो चुकी है। ब्राजील में अब तक 19,66,748 लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं जबकि 75366 लोगों की मौत हो चुकी है।

### इराक में कोरोना के 2110 नये मामले, कुल मरीज 83,867

**बगदाद।** इराक में बुधवार को कोरोना के 2,110 नये मामले सामने आये हैं जिससे कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 83,867 हो गई है। इराक के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोरोना से इस दौरान 87 मौत हुई हैं जिससे कुल मौतों की संख्या बढ़कर 3,432 हो गई है। इस दौरान इराक में कोरोना से 1,839 मरीज स्वस्थ हुए हैं जिससे कुल स्वस्थ हुए मरीजों की संख्या बढ़कर 52,261 हो गई है। वहीं इराक के स्वास्थ्य मंत्री हसन अल तमीमी ने पुष्टि की कि कोरोना वायरस के मरीजों की इलाज के लिये बगदाद अंतर्राष्ट्रीय मेले स्थल के पास में अस्पताल पूरी तरह से तैयार है।

### ट्रंप के आदेश के खिलाफ भारतीयों ने दायर किया मुकदमा

**वाशिंगटन।** एच-1बी वीजा पर हाल में आए एक शासकीय आदेश के खिलाफ सात नाबालिगों समेत 174 भारतीय नागरिकों के एक समूह ने मुकदमा दायर किया है। इस आदेश के तहत उनके अमेरिका में प्रवेश पर रोक लग सकती है अथवा उन्हें वीजा जारी नहीं किया जाएगा। डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया में अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट अदालत के न्यायाधीश केतनजी ब्राउन जैक्सन ने बुधवार को विदेश मंत्री माइक पोम्पियो और होमलैंड सुरक्षा विभाग के कार्यकारी मंत्री चाड एफ वोल्फ के साथ श्रम मंत्री युजिन स्कालिया को समन जारी किए। यह मुकदमा मंगलवार को अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट अदालत में दायर किया गया। वकील वास्डेन बैनियास ने 174 भारतीय नागरिकों की ओर से दायर मुकदमे में कहा कि एच-1बी/एच-4 वीजा पर प्रतिबंध का शासकीय आदेश अमेरिका की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाता है, परिवारों को अलग करता है और कांग्रेस को खारिज करता है।

### अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के चुनाव में पिछड़ने की अटकलें,अभियान प्रबंधक को हटाया

**वाशिंगटन।** अमेरिका में कोरोना वायरस (कोविड-19) कहर के बीच नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से संभावित उम्मीदवार जो बिडेन से पिछड़ने की अटकलों के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने चुनाव प्रचार अभियान प्रबंधक ब्राड पार्सकेल को हटाकर बिल स्टेपियन को नया प्रमुख नियुक्त करने की घोषणा की है। ट्रंप ने ट्वीट कर कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि बिल स्टेपियन को ट्रंप प्रचार अभियान के प्रबंधक की भूमिका दी गई है। राष्ट्रपति ने कहा, बहुत लंबे वक्त तक मेरे साथ रहे और हमारी शानदार डिजिटल एवं डेटा रणनीतियों की अगुवाई करने वाले ब्राड पार्सकेल प्रचार अभियान के वरिष्ठ सलाहकार के तौर पर यह भूमिका निभाते रहेंगे। ट्रंप ने कहा, दोनों 2016 की हमारी ऐतिहासिक जीत में शामिल रहे और मैं एक साथ मिलकर बहुत बड़ी और सबसे महत्वपूर्ण दूसरी जीत के लिए उत्साहित हूं। उन्होंने यह भी कहा, इस बार की जीत बहुत आसान होनी चाहिए।

# संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद में आज बोलेंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार 17 जुलाई को न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र में संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी) के सत्र के इस साल के उच्च-स्तरीय खंड को आभासी रूप से संबोधित करेंगे। नॉर्वे के प्रधानमंत्री और संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समापन सत्र को संबोधित करेंगे।

पीएमओ से जारी एक बयान के मुताबिक पीएम मोदी के इस संबोधन का स्थानीय समय के अनुसार सुबह 09.30-11.30 बजे होगा। वार्षिक उच्च-स्तरीय खंड में सरकार, निजी क्षेत्र एवं सिविल सोसायटी के उच्चस्तरीय प्रतिनिधियों और शिक्षाविदों का एक विविध समूह शामिल है। इस वर्ष के




उच्च-स्तरीय खंड की थीम है- 'कोविड-19 के बाद बहुपक्षवादः 75वीं वर्षगांठ पर हमें किस तरह के संयुक्त राष्ट्र की जरूरत है। बदलते अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य और कोविड-19 महामारी के मौजूदा संकट काल को ध्यान में रखते हुए यह सत्र बहुपक्षवाद की दिशा तय करने वाली महत्वपूर्ण ताकतों पर फोकस करेगा। इसके साथ ही इस सत्र के दौरान सुदृढ़ नेतृत्व, प्रभावशाली अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों, सहभागिता में वृद्धि और वैश्विक सार्वजनिक वस्तुओं के बढ़े हुए महत्व के जरिए वैश्विक एजेंडे को आगे बढ़ाने के तरीकों का पता लगाया जाएगा। यह आयोजन विशेष अहमियत रखता है क्योंकि यह पहला अवसर होगा जब प्रधानमंत्री मोदी 17 जून 2020 को सुरक्षा परिषद के गैर-स्थायी सदस्य के रूप में भारत को निर्विरोध चुने जाने के बाद संयुक्त राष्ट्र की व्यापक सदस्यता को संबोधित करेंगे। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ पर 'ईसीओएसओसी' के उच्च-स्तरीय खंड की थीम दरअसल भारत की सुरक्षा परिषद संबंधी प्राथमिकता के साथ भी प्रतिध्वनित होती है, जिसमें भारत ने कोविड-19 के बाद की दुनिया में 'पुनर्गठित बहुपक्षवाद' का आह्वान किया है।

# बिना किसी बाधा के दें काउंसुलर एक्सेस

### कुलभूषण मामले में भारत ने पाक से कहा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पाकिस्तान के जेल में बंद भारत के रिटायर्ड नेवी अफसर कुलभूषण जाधव के काउंसुलर एक्सेस को लेकर एक बार फिर भारत ने पाकिस्तान से बात की है। सूत्रों के हवाले से खबर है कि भारत ने एक बार फिर पाकिस्तान से कहा है कि कुलभूषण जाधव के मामले में बिना किसी बाधा के काउंसुलर एक्सेस दे। विदेश मंत्रालय की तरफ़ से गुरुवार को एक ब्रीफ़िंग में आधिकारिक तौर पर इसपर बयान दिया जाएगा।

बता दें कि इसके पहले पाकिस्तान ने दावा किया था कि कुलभूषण जाधव ने पुनर्विचार याचिका दायर करने से इनकार कर दिया है। तब इस पर भी भारत ने ऐतराज जताया था। हालांकि भारत के सख्त रुख के बाद पाकिस्तान



पलट गया था। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने जाधव को मौत की सजा के खिलाफ अपील करने की इजाजत दे दी है।

बताते चलें कि कुलभूषण जाधव 2016 से पाकिस्तान की जेल में बंद हैं। पाकिस्तान आरोप लगाता है कि जाधव एक जासूस हैं। हालांकि भारत कई बार इस दावे को नकार चुका है। पाकिस्तानी सेना ने तीन मार्च 2016 को जासूसी और आतंकवाद के आरोप में बलूचिस्तान से जाधव को गिरफ्तार किया था।

# जम्मू-कश्मीर में इंटरनेट प्रतिबंध पर जवाब दाखिल करे केंद्र

### सुप्रीम कोर्ट का आदेश

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने एक एनजीओ द्वारा केंद्र सरकार और जम्मू-कश्मीर प्रशासन के खिलाफ दायर एक अवमानना याचिका पर केंद्र को गुरुवार को एक काउंटर एफिडेविट (प्रति-हलफनामा) दाखिल करने के लिए कहा। केंद्रशासित प्रदेश में 4 जी स्पीड इंटरनेट पर प्रतिबंधों की समीक्षा के लिए एक विशेष समिति का गठन न करने के मामले में अवमानना याचिका दायर की गई थी। न्यायमूर्ति एन वी रमण की अगुवाई वाली तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने केंद्र से कहा कि वह क्षेत्र में 4 जी इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध लगाने के आदेशों की समीक्षा से संबंधित केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता वाली उच्चाधिकार प्राप्त समिति द्वारा लिए गए फैसले के संबंध में एक हलफनामा



दायर करे। हालांकि, शीर्ष अदालत ने अवमानना याचिका पर कोई औपचारिक नोटिस जारी नहीं किया। अटॉर्नी जनरल के.के. वेणुगोपाल ने अदालत के सामने कहा कि कोई अवमानना नहीं की गई है क्योंकि विशेष समिति का गठन पहले ही किया जा चुका है। न्यायमूर्ति रमण ने हालांकि सवाल किया कि सार्वजनिक क्षेत्र में फिर क्यों कुछ नहीं है।

## एम्स में मरीज ने की खुदकुशी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राजधानी स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती एक मरीज ने गुरुवार तड़के फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। दक्षिणी दिल्ली के पुलिस उपयुक्त अतुल ठाकुर ने बताया कि खुदकुशी की जानकारी तड़के पांच बजे मिली। खुदकुशी करने वाले की पहचान राजमणि पटेल (32) के रूप में की गयी है। वह अस्पताल में कुछ दिनों से भर्ती था और उसने बाथरूम की खिड़की की ग्रिल से कपड़े के सहारे लटककर खुदकुशी कर ली। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

# बाढ़ से 29 दिन में ही बह गया 264 करोड़ का पुल

### तेजस्वी ने नीतीश सरकार पर साधा निशाना

**पटना।** मानसून के प्रवेश करने के बाद से ही बिहार में बारिश और बाढ़ ने अपना कहर मचा रखा है। बिहार के गोपलगंज जिले में गंडक नदी पर 263.47 करोड़ की लागत से बना सत्तरघाट पुल टूटकर नदी में बह गया। नदी का जलस्तर बढ़ने और भारी बारिश के चलते पुल का एक हिस्सा टूट गया। इस पुल का उद्घाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महज़ 29 दिन पहले 16 जून को किया था। इस टूटे हुए पुल का वीडियो राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर पोस्ट करते



हुए नीतीश सरकार पर तंज कसा है। तेजस्वी यादव ने लिखा, ख़बरदार! अगर किसी ने इसे नीतीश जी का सुशासनी भ्रष्टाचार कहा तो 263 करोड़ तो सुशासनी मुंह दिखाई है। इतने की तो इनके चूहे शराब पी जाते हैं।

सत्तरघाट मुख्य पुल से करीब एक किलोमीटर पूर्व सड़क के टूट जाने से छपरा, सीवान, गोपालगंज जिलों से मुजफ्फरपुर, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, दरभंगा की ओर आने-जाने वाले वाहनों का परिचालन ठप हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि लगातार हो रही बारिश से सड़क दलदली हो गई थी। इस बीच बाढ़ के पानी से सड़क टूट गई है।

# मुंबई में भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी

### तैनात की गई एनडीआरएफ की टीम

**मुंबइ (आरएनएस)।** मुंबई और तटीय महाराष्ट्र में भारी बारिश के मद्देनजर मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया है. इससे पहले चेतावनी के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया था. मंगलवार रात से ही शहर में भारी बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव हो गया है. मौसम विभाग ने अभी और बारिश की आशंका जताई है. इस बीच भारी बारिश के अलर्ट और उसके चलते संभावित आपात स्थिति पैदा होने को देखते हुए मुंबई से सटे ठाणे में एनडीआरएफ की टुकड़ी तैनात की गई है. इस टुकड़ी में 1 अधिकारी और 25 जवान शामिल हैं । इस बीच आज आज मुंबई में हाई टाइड की आशंका जताई गई है. इस दौरान समंदर में 3.5 मीटर ऊंची लहरें उठ



सकती है. इसके अलावा तेज बारिश भी हो सकती है. राष्ट्रीय मौसम पूर्वानुमान केंद्र के एक वैज्ञानिक आर के जेनामणि ने बताया कि मुंबई के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है. अगले 18 घंटे के दौरान मुंबई, ठाणे, रायगढ और रत्नागिरी जिले में भारी बारिश का अनुमान जताया गया है.

मौसम विभाग ने गुरुवार को गुजरात में 'भारी से अति भारी' बारिश का अनुमान जताया है और इसके लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है. गोवा, तटीय और मध्य महाराष्ट्र के लिए भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. बारिश और बाढ़ की घटनाओं में देश में 12 लोगों की मौत हो गई. मौसम विभाग ने मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में भारी बारिश के बाद गुजरात और तटीय महाराष्ट्र के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया है. मौसम विभाग के मुताबिक, जुलाई में अब तक दिल्ली में 44 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी है यह सामान्य बारिश 88.3 मिलीमीटर के 50 प्रतिशत से भी कम है. मौसम का पूर्वानुमान लगाने वाली निजी एजेंसी स्काईमेट वेदर के महेश पलावत ने बताया कि मानसून का रुख हिमालय की तलहटी की तरफ होने से पिछले कुछ दिनों में दिल्ली में छिटपुट बारिश ही हुई है।

## भारत और चीन के बीच 14 को हुई सैन्य स्तर की बैठक

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारत और चीन एलएसी पर मौजूदा स्थिति को दूर करने के लिए स्थापित सैन्य और राजनयिक चैनलों के माध्यम से बातचीत कर रहे हैं। पीएलए और भारतीय सेना के कमांडरों के बीच चौथे दौर की वार्ता के लिए 14 जुलाई को एक बैठक का आयोजन भारतीय इलाके चुशूल में किया गया। सीमा से सेनाओं को पीछे हटाने के लिए 05 जुलाई को हुई सहमति के अनुरूप ही भारत और चीन के विशेष प्रतिनिधियों के बीच बातचीत हुई। कार्यान्वयन पर हुई प्रगति की समीक्षा की और पूरी तरह सीमाओं से सेनाओं को पीछे हटाने के कदमों को सुनिश्चित करने पर चर्चा की।

# अब सीआरपीएफ के लाखों जवानों को एप पर मिलेगी वित्तीय जानकारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश के सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ के 3.35 लाख जवानों और अधिकारियों के लिए राहत की खबर है। बल मुख्यालय ने इनके लिए एक ऐसा मोबाइल एप तैयार किया है, जिसके जरिए वे अपनी वित्तीय एवं अन्य विभागीय जानकारी बिना किसी बाधा के जान सकेंगे। इसके लिए उन्हें एप पर क्लिक करना होगा। इस एप का नाम संभव रखा गया है और इसे 27 जुलाई को लांच किया जाएगा। संभव को पीआईएस यानी पर्सनल इंफोर्मेशन सिस्टम की तरह इस्तेमाल किया जा सकता है। सीआरपीएफ ने अपनी सभी यूनिट्स से कहा है कि वे अधिकारियों व जवानों के मोबाइल नंबर पीआईएस पर अपडेट करा दें। वजह, नया सिस्टम संभव तभी काम करेगा, जब संबंधित कर्मी का मोबाइल नंबर उसमें अपडेट होगा। यदि किसी कर्मचारी का मोबाइल नंबर अपडेट नहीं है, तो वह इस एप का प्रयोग नहीं कर सकेगा। उसे वेतन एवं विभागीय पीआईएस से जुड़ी कोई जानकारी या नोटिफिकेशन प्राप्त नहीं होंगे। नई व्यवस्था का हिस्सा बनने के लिए कर्मियों का मोबाइल नंबर मौजूदा पीआईएस में होना बहुत जरूरी है। संबंधित कर्मी को अपनी यूनिट में संपर्क कर यह देखना होगा कि जो मोबाइल नंबर वहां पहले से मौजूद है, क्या वह सही है।

## गठित समिति सार्वजनिक करे अपना फैसलाः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर में 4 जी सेवा की बहाली पर फैसला लेने के किए इस साल मई में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य प्रशासन को एक कमिटी बनाने का फैसला किया था। इस मामले में कोर्ट के आदेश का कथित तौर पर पालन न होने की दलील देते हुए कुछ याचिकाकर्ताओं ने अवमानना की कार्यवाही शुरू करने की मांग की थी। शीर्ष अदालत में सुनवाई के दौरान जम्मू-कश्मीर प्रशासन और केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि उसने जम्मू-कश्मीर में 4 जी सुविधाएं बहाल करने पर विचार के लिए स्पेशल कमिटी का गठन किया है। जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद-370 हटाए जाने के बाद से हाई स्पीड 4 जी सेवा सस्पेंड है। अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि अदालत ने 11 मई को जो आदेश पारित किया था उस पर अथॉरिटी ने अमल किया है ऐसे में कंटेप्ट का मामला नहीं बनता है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एनवी रमन्ना की अगुआई वाली बेंच ने केंद्र और जम्मू-कश्मीर प्रशासन से कहा है कि वह हलफनामा दायर कर बताएं कि कमिटी का गठन कर लिया गया है और कमिटी ने क्या फैसला किया है, उस बारे में भी बताया जाए।

## डिवाइडर से वाहन टकराने पर परिवार के छह सदस्यों की मौत

**चेन्नई (आरएनएस)।** तमिलनाडु के दक्षिणी तिरुनेलवेली जिले में गुरुवार को पडीरी में टिंडीवनम-चेन्नई राष्ट्रीय राजमार्ग में एक यात्री वाहन के डिवाइडर से टकरा कर पलट जाने से उसमें सवार एक परिवार के छह सदस्यों की मौत हो गई और दो भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस मुख्यालय को प्राप्त रिपोर्ट में बताया गया कि यह दुर्घटना आज सुबह करीब सवा छह बजे हुई। पीड़ित तिरुनेलवेली जिले में तिसयानविलई से चेन्नई को ओर जा रहे थे तभी यह दुर्घटना घटी।

# अब रेलवे की ऐप से मिलेंगी रेल टिकट

### टाइमिंग और छूट से जुड़ी सभी जानकारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए एक नया ऐप बनाया है। इस ऐप के जरिए यात्रियों को ट्रेन से जुड़ी तमाम जानकारियां मिलेंगी. इंडियन रेलवे के (उत्तर मध्य रेल) ने समग्र ऐप बनाया है। इसे एंड्रॉयड फोन में फ्री में डाउनलोड कर सकते हैं। इस ऐप के जरिए रेलवे, ट्रेन, स्टेशन की सुविधाएं, रेलवे पॉलिसी, टिकट, छूट से जुड़ी पूरी जानकारी मिलेगी।

ईस्ट सेंट्रल रेलवे के हेड ऑफिस से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए महाप्रबंधक एल सी त्रिवेदी ने लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि इस ऐप के जरिए यात्रियों को काफी




सुविधाओं के बारे में जानकारी मिलेगी। ट्रेनों का आवागमन और रिजर्वेशन जैसी तमाम जानकारी घर बैठे मिलेगी। इस ऐप को समस्तीपुर जोन में ही बनाया गया है. जिसमें डीसीएम प्रसुन्न कुमार और टीआरएफ टेक्नीशियन का बहुत सहयोग मिला है। यही नहीं इस ऐप के जरिए कोई भी यात्री जोन के किसी भी स्टेशन पर मौजूद यात्री सुविधाओं के साथ ही दूसरी महत्वपूर्ण जानकारी ले सकते हैं. इस ऐप का लाभ आम यात्रियों के साथ ही रेलवे के कमर्शियल डिपार्टमेंट के कर्मचारियों को भी मिल सकेगा। वहीं टिकट चेकिंग, बुकिंग, रिजर्वेशन आदि डिपार्टमेंट भी अपनी रिपोर्ट बनाने के लिए इस ऐप की मदद ले सकते हैं।